OFFICE OF THE CO-ORDINATOR PRE D.EL. ED. EXAM- 2024
Vardhman Mahaveer Open University, Kota

रिपोर्टिंग सम्बंधित महत्वपूर्ण सूचना

1. अभ्यर्थी प्री डी. एल. एड. परीक्षा 2024 की आधिकारिक वेबसाईट https://predeledraj2024.in/vcnt.php के काउंसलिंग पोर्टल पर वांछित सूचना (काउंसलिंग आई डी, रोल नंबर, माता का नाम व जन्म तिथि) भरकर लॉगिन करें |
2. यदि लॉगिन के उपरान्त अभ्यर्थी को अध्यापक शिक्षण संस्थान में आवंटन का अंतरिम पत्र (Provisional Letter for Reporting) प्राप्त होता है तो अभ्यर्थी वांछित दस्तावेज (स्पष्ट रूप से दिखे) अपलोड करें, वांछित सूचना भरकर प्रवेश की शेष राशि रु. 13555/- का ऑनलाइन भुगतान दिनांक 11-08-2024 तक करना सुनिश्चित करें |
3. अभ्यर्थी अपने आवंटित अध्यापक शिक्षण संस्थान में रिपोर्टिंग 05-08-2024 से 12-08-2024 (दोनों तारीखे शामिल) के बीच में करना सुनिश्चित करें |
4. रिपोर्टिंग उपरांत अभ्यर्थी द्वारा स्वयं के लॉगिन से प्रोविजनल प्रवेश स्लिप प्राप्त करना आवश्यक हैं|
5. अभ्यर्थी का प्रवेश पूर्णतयः अंतरिम है, तथा रिपोर्टिंग के समय अहर्ता योग्यता व दस्तावेजों के वेरिफिकेशन के उपरान्त ही प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण मानी जायेगी |
6. रिपोर्टिंग के अभाव में अभ्यर्थी के प्रवेश का दावा निरस्त माना जावेगा |
7. कॉलेज प्रशासन द्वारा अभ्यर्थी के दस्तावेजों के वेरिफिकेशन के उपरान्त प्रवेश पूर्ण माना जाएगा |
8. दस्तावेजों की सूची जो की अभ्यर्थी को अपने लॉगिन में अपलोड करनी है :-

- कक्षा दसवीं तथा बारहवीं की मूल अंकतालिका की सॉफ्टकोपी
- हस्तलिखित स्वघोषणा जिसका प्रारूप आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध है |
- अभ्यर्थी का नवीन पासपोर्ट साईज फोटो |
- वैध जाति प्रमाण (SC/ST/OBC/MBC/EWS Etc.) पत्र यदि लागू है तो |
- मूल निवास प्रमाण पत्र |
- सब कैटेगरी (विधवा/तलाकशुदा/परित्याक्ता/दिव्यान्गता/रक्षाकर्मी/पूर्व सैनिक आदि) यदि लागू हो तो |

9. यदि अभ्यर्थी द्वारा अंतिम तिथि 12-08-2024 तक अध्यापक शिक्षण संस्थान में रिपोर्टिंग नहीं की जाती है तब अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा |
10. यदि अभ्यर्थी के द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज स्पष्ट नहीं है अथवा गलत अपलोड है तो अध्यापक शिक्षा संस्थान द्वारा उन दस्तावेजों को जांच के उपरान्त रिजेक्ट कर दिया जाएगा, जिन्हें अभ्यर्थी को काउंसलिंग पोर्टल पर लॉगिन करके पुनः अपलोड करना होगा | अपलोड करने के उपरांत अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी के द्वारा अध्यापक शिक्षा संस्थान में रिपोर्ट करना आवश्यक हैं | रिपोर्ट नहीं करने की स्थिति में अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा |